ईरान के राष्ट्रपति के निधन पर भारत ने जताया शोक

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

भारत सरकार ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में **ईरानी राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी** और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की दुखद **मृत्यु** के बाद **21 मई, 2024 को देशभर में एक दिन के राजकीय शोक** की घोषणा की है।

- राजकीय शोक के तहत, दिवंगत ईरानी राष्ट्रपति के सम्मान में देशभर के सभी **सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय तिरंगे को आधा झुकाया जाएगा** और **इस अवधि के दौरान कोई आधिकारिक मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे।**
  - भारत में राजकीय शोक **गृह मंत्रालय** द्वारा प्रदान किये गए विशिष्ट दिशानिर्देशों के तहत मनाया जाता है। ये दिशानिर्देश नियमों और सम्मेलनों के व्यापक समूह का हिस्सा हैं, जिन्हें **भारतीय ध्वज संहिता, 2002** के रूप में जाना जाता है।
- भारत के प्रधानमंत्री ने रईसी की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया और **भारत-ईरान संबंधों** को बेहतर करने में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान को स्वीकार किया।
  - राष्ट्रपति रईसी के कार्यकाल के दौरान, ईरान वर्ष 2023 में सऊदी अरब के साथ जोहान्सबर्ग में **ब्रिक्स** समूह में शामिल हो गया।

//

और पढ़े: भारत, ईरान और चाबहार बंदरगाह

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-observes-state-mourning-for-iran-president